# प्रिलिम्स फैक्ट्स: 18 अक्तूबर, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-18-october-2021

## सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति'

## Exercise MITRA SHAKTI

हाल ही में भारतीय सेना और श्रीलंकाई सेना के बीच संयुक्त **सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति' का 8वाँ संस्करण** श्रीलंका में आयोजित किया गया।

'मित्र शक्ति' सैन्य अभ्यास का **7वाँ संस्करण वर्ष 2019 में पुणे, महाराष्ट्र में** आयोजित किया गया था।




## प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
    - यह अभ्यास अर्द्ध-शहरी इलाकों में **विद्रोहों की रोकथाम और आतंकवाद रोधी** अभियानों पर आधारित है।
    - यह **श्रीलंकाई सेना द्वारा किया जाने वाला सबसे बड़ा द्विपक्षीय अभ्यास** है और भारत तथा श्रीलंका की बढ़ती रक्षा साझेदारी का प्रमुख हिस्सा है।
    - इस संयुक्त अभ्यास को सामरिक अभ्यासों और व्यावहारिक चर्चाओं के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों की वर्तमान गतिशीलता को शामिल करने के उद्देश्य से अभिकल्पित किया गया है।
- **उद्देश्य**:
    दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच निकट संबंधों एवं तालमेल और अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देना तथा विद्रोहों की रोकथाम एवं आतंकवाद रोधी अभियानों में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना।
- **श्रीलंका के साथ अन्य अभ्यास:**
    नौसैनिक अभ्यास- **स्लीनेक्स** (SLINEX)

## ‘युद्ध अभ्यास’

## Exercise Yudh Abhyas

हाल ही में 17वाँ भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास ‘युद्ध अभ्यास 2021’ का आयोजन अलास्का (अमेरिका) में ‘संयुक्त बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन’ में किया गया।

> फरवरी 2021 में इस अभ्यास के पिछले संस्करण का आयोजन बीकानेर के ‘महाजन फील्ड फायरिंग रेंज’ (राजस्थान) में किया गया था।

## प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
  - यह भारत और अमेरिका के बीच सबसे बड़ा संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण और रक्षा सहयोग है।
  - इस अभ्यास की शुरुआत वर्ष 2004 में ‘अमेरिकन आर्मी पैसिफिक पार्टनरशिप प्रोग्राम’ के तहत की गई थी। इस अभ्यास का आयोजन दोनों देशों के बीच बारी-बारी से किया जाता है।
  - इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच समझ, सहयोग और अंतःक्रियाशीलता को बढ़ाना है।

    > इससे दोनों देशों को ठंडी जलवायु परिस्थितियों वाले पहाड़ी इलाकों में बटालियन स्तर पर संयुक्त अभियान चलाने में मदद मिलेगी।
- **भारत और अमेरिका के बीच अन्य अभ्यास:**
  - **‘टाइगर ट्रायम्फ’ अभ्यास** (मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास)
  - ‘**वज्र प्रहार’ अभ्यास** (विशेष बलों का सैन्य अभ्यास)
  - **कोप इंडिया** (वायु सेना)।
  - **‘मालाबार’ अभ्यास** (भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया का चतुर्भुज नौसैनिक अभ्यास)।
  - **‘रेड फ्लैग’** (अमेरिका का बहुपक्षीय हवाई अभ्यास)।

---

## मूल्य स्थिरीकरण कोष (PSF)

## Price Stabilisation Fund (PSF)

हाल ही में सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, **देश में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतें पिछले वर्ष (अर्थात् 2020) की तुलना में कम** हैं।

> कीमतों में नरमी बनाए रखने के लिये प्रभावी बाज़ार हस्तक्षेप के उद्देश्य से मूल्य स्थिरीकरण कोष (PSF) के तहत **उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा प्याज के बफर का रख-रखाव** किया जाता है।

## प्रमुख बिंदु

- **PSF के बारे में:**
    - **वर्ष 2014-15 में स्थापित** PSF **चुनिंदा कमोडिटी (वस्तुओं) कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता की स्थिति के समाधान के लिये बनाया गया एक फंड** है।
    - इस तरह की वस्तुएँ सीधे किसानों या किसान संगठनों से फार्म गेट/मंडी पर खरीदी जाती हैं और उपभोक्ताओं को अधिक किफायती मूल्य पर उपलब्ध कराई जाती हैं।
    - केंद्र और राज्यों को होने वाली **हानि, यदि कोई हो, को प्रक्रिया में साझा किया जाता** है।
    - फंड में उपलब्ध राशि का उपयोग आमतौर पर उच्च/निम्न कीमतों को कम करने/ऊपर लाने के उद्देश्य से की जाने वाली गतिविधियों के लिये किया जाता है, उदाहरण के लिये कुछ वस्तुओं का अधिग्रहण और उचित समय पर उनका वितरण ताकि लागत एक सीमा के भीतर बनी रहे।
- **ऋण उपलब्ध कराना:**
    - PSF योजना राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों (UTs) और केंद्रीय एजेंसियों को उनकी कार्यशील पूंजी तथा अन्य खर्चों को वित्तपोषित करने के लिये ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करती है, जिसे वे ऐसी वस्तुओं की खरीद और वितरण में खर्च कर सकते हैं जिनकी कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव आते रहते हैं।
    - 1 अप्रैल, 2016 को PSF योजना को **कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय से उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को** स्थानांतरित कर दिया गया था।
- **फंड प्रबंधन**

    यह एक 'मूल्य स्थिरीकरण कोष प्रबंधन समिति' (PSFMC) द्वारा केंद्रीय रूप से प्रबंधित है जो सभी राज्य सरकारों और केंद्रीय एजेंसियों के प्रस्तावों को मंजूरी देता है।
- **कॉर्पस फंड का नियंत्रण:**

    'स्मॉल फार्मर्स एग्रीबिज़नेस कंसोर्टियम' (SFAC) 'मूल्य स्थिरीकरण कोष' को एक केंद्रीय कॉर्पस फंड के रूप में नियंत्रित करता है। 'स्मॉल फार्मर्स एग्रीबिज़नेस कंसोर्टियम' कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कृषि को निजी उद्यमों, निवेश और प्रौद्योगिकी से जोड़ने हेतु स्थापित एक सोसायटी है।
- **संबंधित योजनाएँ**

    खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2018 में शुरू किये गए '**ऑपरेशन ग्रीन**' (OG) का उद्देश्य दूध के लिये **'ऑपरेशन फ्लड**' (अमूल मॉडल) की तर्ज पर 'टमाटर, प्याज और आलू' (TOP) की मूल्य शृंखला को इस प्रकार विकसित करना है कि यह सुनिश्चित हो सके कि उपभोक्ता के रुपए का अधिक हिस्सा किसानों को मिले और उनके उत्पादों की कीमतें स्थिर रहें।

    **वर्ष 2021 का केंद्रीय बजट** पेश करते हुए सरकार ने घोषणा की थी कि 'ऑपरेशन ग्रीन' (OG) को 'TOP' के साथ-साथ 22 अन्य जल्द खराब होने वाले उत्पादों तक विस्तारित किया जाएगा।

---

## कैम्ब्रियन पेट्रोल अभ्यास

## Exercise Cambrian Patrol

हाल ही में भारतीय सेना की **गोरखा राइफल्स** (फ्रंटियर फोर्स) को 'वेल्स' (यूके) में आयोजित 'कैम्ब्रियन पेट्रोल अभ्यास' में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है।




## प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
  - यह एक **वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सैन्य पेट्रोलिंग (गश्ती) अभ्यास** है और इसे विश्व भर की सेनाओं के बीच **'सैन्य पेट्रोलिंग ओलंपिक'** के रूप में जाना जाता है।
  - इसे तकरीबन 40 वर्ष पूर्व ‘वेल्स प्रादेशिक सेना’ के सैनिकों के एक समूह द्वारा स्थापित किया गया था, जिन्होंने कैम्ब्रियन पर्वत पर लंबी दूरी की मार्चिंग की सुविधा हेतु इसे एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया था।
    - टीमों को 48 घंटे से भी कम समय में 50 मील के कोर्स को कवर करना होता है, जबकि इसमें कई अन्य प्रकार के सैन्य अभ्यास भी शामिल हैं, जो पूरे बीहड़ कैम्ब्रियन पहाड़ों और मध्य-वेल्स, यूके के दलदली क्षेत्रों में आयोजित होते हैं।
  - अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच नेतृत्व, आत्म-अनुशासन, साहस, शारीरिक सहनशक्ति और दृढ़ संकल्प का परीक्षण करना है।
- **भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच संयुक्त अभ्यास:**